उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 50/2023/134/छप्पन-2023-24/2017
लखनऊ, दिनांक: 03 अप्रैल, 2023

कार्यालय-ज्ञाप

नियुक्ति

श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (वैमानिक प्रशिक्षण संस्थान) इकाई में प्रधान प्रवक्ता के पद पर श्रीमती आराधना सिंह, को रू0 99,110/- (रू0 निन्यानबे हजार एक सौ दस मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

2- श्रीमती आराधना सिंह को प्रधान प्रवक्ता के पद पर उक्त पारिश्रमिक के साथ शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अन्तर्गत प्राविधानित व्यवस्था के तहत 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते आदि देय नहीं होंगे।

3- श्रीमती आराधना सिंह से संविदा पर नियुक्ति/कार्य करने के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक-एक प्रति उन्हें एवं शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

4- इस पत्र के जारी होने के 20 दिन के अन्दर श्रीमती आराधना सिंह द्वारा स्वीकृति-पत्र प्रेषित करना अनिवार्य है तथा यदि वह इस पत्र की तिथि से 03 माह के अन्दर कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थित नहीं होती हैं तो उनका अभ्यर्थन स्वत: निरस्त समझा जाएगा। विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में कोई अन्य पत्राचार नहीं किया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पृ0सं0-50/2023/134(1)/छप्पन-2023-24/2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्रीमती आराधना सिंह से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
2. श्रीमती आराधना सिंह, फ्लैट नं0-1003, टावर-जी, मैक्सब्लिस व्हाइट हाउस-2, सेक्टर-75, नॉएडा- 201304 (यू0पी0) (ई-मेल aru_sanger@yahoo.com) ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
4. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कुमार हर्ष
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।